## खबर संक्षेप



### समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान पर गोपाल सिंघानिया सम्मानित

**कटनी।** मप्र अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल तथा प्रदेश महामंत्री श्रीमती सविता अग्रवाल के नगर आगमन अवसर पर अग्रवाल भवन में महासभा की एक गरिमामयी बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए श्री राजस्थानी मारवाड़ी समाज कटनी के अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया को प्रदेश अध्यक्ष मित्तल एवं अतिथिगणों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला, महिला एवं युवा इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी मुरली मनोहर अग्रवाल ने किया।

### कच्ची दीवार गिरने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत, बालिका घायल

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के कन्हवारा गाँव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। कच्ची दीवार गिरने से नीरज कोल 5 वर्ष की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त दोनों बच्चे अपने घर के पास मिट्टी की पुरानी दीवार के पास बैठे थे। अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई और दोनों बच्चे उसके मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य किया और दोनों को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। नीरज की बहन घायल है और उसका इलाज जारी है। बताया गया कि दीवार काफी पुरानी और कमजोर थी। इस दर्दनाक घटना से गाँव में शोक की लहर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन तिथि में वृद्धि

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अब छात्र 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में अंतिम तिथि 7 अक्टूछबर थी। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि इच्छुक और योग्य छात्र इन कक्षाओं में 'लेटरल एंट्री' के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी जो छात्र कक्षा 9वीं में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए वेबसाइट के माध्यम सेआवेदन किया जा सकता है।

### स्पर्श पोर्टल पर मासांत तक सकेंगे आवेदन

**कटनी।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है।विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी।

### भारतीय युवा शक्ति संगठन भीम आर्मी द्वारा थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

# सड़क पर उतर लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन, थाना प्रभारी को हटाने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही थाना क्षेत्र में पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव को हटाने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बालिकाएं शामिल थीं। राहुल चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराया गया।

प्रदर्शनकारियों ने टीआई शैलेंद्र सिंह यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि थाना प्रभारी गरीबों, आदिवासी वर्ग के पीड़ितों की सुनवाई नहीं करते और उन्हें थाने से भगा दिया जाता है। ग्रामीणों ने टीआई की कार्यशैली के कारण क्षेत्र में भय का माहौल होने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कई गंभीर आरोप शामिल हैं। इनमें हरिजन और आदिवासी वर्ग के लोगों को न्याय के लिए भटकना, क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब बिक्री का संचालन जिससे सामाजिक माहौल खराब हो रहा है और टीआई पर अवैध वसूली कराने का आरोप प्रमुख हैं।

ग्रामीणों के आक्रोश का तात्कालिक कारण ग्राम पथरहटा में लगभग 20 दिन पहले हुई एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला है। मृतिका फूला बाई की मां मुन्नी बाई ने बताया कि उन्हें संदेह है कि घर के सदस्यों ने ही उनकी बेटी की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया था। मुन्नी बाई का आरोप है कि शिकायत के बावजूद बरही पुलिस ने मामले में न तो निष्पक्ष जांच की और न ही हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने टीआई को तत्काल हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कटनी के नाम तहसीलदार बरही को सौंपा।

#### थाना प्रभारी ने कहा द्वेष भावना के तहत किया विरोध प्रदर्शन

थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव का कहना है कि बीते दिनों राहुल चौधरी की बोलेरो वाहन पर काली फिल्म उतरवाने एवं हूटर निकलवाने के तहत कार्यवाही की गई थी साथ ही 500 रूपए का चालान भी काटा गया था। थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए आरोपों को बेबुनियादी बताया है। उनका कहना है कि यह प्रदर्शन और नारेबाजी पुलिस पर दबाव बनाने की नीयत से की गई है। महिला की मौत के मामले में पुलिस नियमानुसार कार्यवाही कर रही है।



## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपित को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बकरियों को लेकर हुए विवाद के कारण मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से पड़ोसी के कान काटने की घटना के आरोपी को बरही पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया की बीते माह 26 सितंबर को राजेश कुमार रजक नि करोदी खुर्द से बकरी के लेन देन को लेकर पड़ोसी सुरेश उर्फ बउरी गडारी ने मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से हमला किया था। जिससे राजेश के कान का आधा भाग कट कर अलग हो गया था। लहुलुहान राजेश की रिपोर्ट पर बरही थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास कर आरोपी के घर एवं आरोपी के मिलने से संबंधित स्थानो पर दबिश दी जा रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुरेश उर्फ बऊरी गडारी को ग्राम करौंदी खुर्द में जंगल से पकड़कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने जुर्म करना स्वीकार किया एवं आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक राजेश कोरी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

*बाल विवाह रोकने रैली एवं मानव श्रृंखला से दिया गया संदेश*

## बाल विवाह है एक गंभीर सामाजिक बुराई समाज मे फैली इस कुप्रथा को करना है दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत मसंधा मे मंगलवार को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज मे इस कुप्रथा का स्वरूप भयावह है!इसलिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा ओर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करना है। लडके व लड़कियो का सही उम्र मे ही विवाह कराये। लडके की 21 वर्ष ओर लड़की की उम्र 18 वर्ष हो जाये तभी विवाह करें। बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक का कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना लगेगा। महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफार्म है!जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने ओर अन्य जानकारी प्रदान करने मे सक्षम बनाता है। इस अवसर पर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक ग्राम भ्रमण रैली भी निकाली गई! जिसमें किशोर-किशोरियों ने हाथों में संदेशात्मक पोस्टर लेकर बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। रैली उपरांत सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह न करने और न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

पर्यवेक्षक स्वाति दुबे के द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य के फायदे के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओं से पोषण चर्चा, आयरन का महत्व व धात्री महिलाओ से बच्चें के स्तनपान पर चर्चा की। पर्यवेक्षक ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।

### जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न एवं सोलर लैंप का वितरण




बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी के द्वारा चार आंगनवाड़ी केंद्र क्रमशः मदारी टोला, (बड़वारा) ददरी टोला (विलायतकला) जोबीकला (कन्हवारा) एवं मगरधा सेक्टर बिलहरी ब्लॉक रीठी में आंगनवाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के परिजनों एवं अति गरीब जरूरतमंद गरीब परिवारों को राहत राशन चावल गेहूं एवं दाल का वितरण करते हुए सोलर लैंप का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से माया गुप्ता, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, राजेश कुमार चौधरी, काशी विश्वकर्मा, रिया गुप्ता, रविकांत राय, मीरा, गया प्रसाद विश्वकर्मा, गीता मिश्रा, सरोज सिंह, साधना बर्मन एवं राधा विश्वकर्मा ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## अनियमितताओं एवं गड़बड़ियों की खुल न जाए कलई, लीपापोती का शुरू हुआ खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बी-पैक्स सहकारी समिति मर्यादित बिलायतकलां के विक्रेता लखन पटैल को नियुक्ति संबंधी दस्तावेज एवं संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गए हैं। समिति द्वारा जारी किये गए पत्र में लेख है कि दिनांक 18.09.2025 को मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत रामलखन केवट द्वारा की गई है अतः जॉच हेतु निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करे।

1. नियुक्ति से संबंधित समस्त अभिलेख (शैक्षणिक योग्यता एवं नियुक्ति के समय प्रस्तुत समस्त दस्तावेज) प्रस्तुत करें।

2. आयुक्त सहकारिता एंव पंजीयक सहकारी संस्थायें

#### उपार्जन कार्य में की गई अनियमितता की जांच पूर्व से है लंबित

मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी सेवानियम अध्याय-3 के नियम 17 की कंडिका (v) के अनुसार कर्मचारी को नियुक्ति के समय अपनी संपत्ति का विवरण एवं प्रतिवर्ष पर धारित अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करना होगा के प्रावधान है। अतः नियुक्ति के समय की संपत्ति का विवरण एवं अर्जित की गई संपत्ति की जानकारी के समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करे।

3. उर्पाजन कार्य में अनियमितता की जाँच पूर्व से लंबित है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि जांच हेतु आवश्यक दस्तावेज समिति कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि में दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जांच प्रारंभ की जावेगी।

#### अतिरिक्त चार्ज से किया मुक्त

विक्रेता लखन पटैल द्वारा की गई अनियमितताओं की जांच के बीच ही समिति विलायतकला के अतिरिक्त चार्ज से राहुल तिवारी को चार्ज मुक्त कर दिया गया। सूत्रों की माने तो जांच कार्यवाही को प्रभावित करने के लिए यह दांव खेला गया है। क्षेत्र में जनचर्चाएं तो यहां तक है कि स्थानीय स्तर पर पूरे मामले को आसानी से निबटा लिया जाएगा क्योंकि राहुल तिवारी द्वारा की जा रही जांच में सारी कलई खुल जाती।

## श्रीजी का हुआ अभिषेक, शोभायात्रा से सत्य-अहिंसा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े संत आचार्य विद्यासागर महाराज का 79 वां अवतरण दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया । बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के सभी जैन मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान स्लीमनाबाद व तेवरी स्थित पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर व अतिशय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद मैं सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत मंगलाचरण कर धर्म सभा आयोजित की गई।

ग्राम पंचायत बाकल मैं आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर सकल जैन समाज बाकल के तत्वाधान में प्रात श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुल नायक भगवान पारसनाथ जी का अभिषेक . शांतिधारा ,आचार्यश्री का संगीतमयी सामूहिक पूजन एवं आचार्य छत्तीसी विधान हुआ। दोपहर में आचार्य श्री की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा से आचार्य श्री के जयघोष गुंजायमान हुए। शोभायात्रा का नगर भ्रमण कराया गया।वही साय 4 बजे युवा मंडल महिला मंडल सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति मे संगीतमयी आरती व विभिन्न सांस्पकुतिक कार्यकम किये गये। सकल जैन समाज युवा मंडल बालिका मंडल के तत्वाधान मे भक्ति भाव उत्साह, उल्लास के साथ समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर ज़ी महाराज, आचार्य श्री समय सागर ज़ी महाराज एवं गणिनि आर्यिका माँ ज्ञानमति माताजी का अवतरण दिवस मनाया गया!

इस दौरान नरेंद्र सिंघई, मनोज मोदी ,पवन मोदी,डॉ सुबोध जैन ,आनंद जैन ,वीरेंद्र सिंघई ,जीवनधर मोदी, सौरभ साहूकार,सुरेंद्र सिंघई ,संजय मोदी, नरेश जैन,अनिल मोदी, पुष्पेंद्र मोदी सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति रही। इस दौरान आचार्य श्री के जीवन के जुड़े कुछ पहलुओ पर जैन समाज के द्वारा प्रकाश डाला गया। कहा कि कठिन साधना का मार्ग पार करते हुए विद्याधर ने महज 22 वर्ष की उम्र में 30 जून 1968 को अजमेर में आचार्य ज्ञानसागर महाराज से मुनि दीक्षा ली। गुरुवार ने उन्हें विद्याधर से मुनि विद्यासागर बनाया। 22 नवंबर 1972 को अजमेर में ही गुरुवार ने आचार्य की उपाधि देकर उन्हें मुनि विद्यासागर से आचार्य विद्यासागर बना दिया। आचार्य पद की उपाधि मिलने के बाद आचार्य विद्यासागर ने देश भर में पदयात्रा की। चातुर्मास, गजरथ महोत्सव के माध्यम से अहिंसा व सद्भाव का संदेश दिया।

### छपरा व कौड़िया में कई परिवार कर रहे दीये बनाने का पुस्तैनी कार्य

# मिट्टी में जान फूंक कर लाते हैं लोगों के जीवन में उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





दीपोत्सव पर्व के अब चंद दिन ही शेष है।जिसको लेकर कुम्हार समाज इन दिनों अपनी परम्परा का निर्वाह कर रहा है। मिट्टी को आकार देकर दीपोत्सव की तैयारियों मे जुट गए हैं।तेजी से कुम्हारों की चाक घूमने लगी है।क्योंकि दीपक बनाना इनके लिए सिर्फ रस्म नहीं बल्कि अपने परिवार की आवश्यकताओ की पूर्ति का जरिया है। आज से कुछ साल पहले तक अंचलों सहित शहरी क्षेत्रों में मिट्टी से निर्माण किए गए दीपक सहित बर्तन खिलौनों की खूब बिक्री हुआ करती थी, लेकिन धीरे-धीरे इलेक्ट्रोनिक एवं आधुनिक सामग्री ने बाजारों पर अपना एकाधिकार जमा लिया। लेकिन आज भी कुछ परिवार ऐसे हैं जिनके लिए यह सिर्फ रस्म नहीं है। बल्कि यह लोग आज भी इसे अपनी पूंजी मानकर अपने जीवन का अंधेरा दूर कर रहे हैं।

अंचल मे ऐसे कई शिल्पकार हैं जो मिट्टी को नए नए आकार देकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।नवरात्र का आरंभ होने के साथ ही पूरा परिवार दीपक बनाने के काम पर लग जाता है। बाजार में इलेक्ट्रोनिक सामग्री की बिक्री बढने से भले ही इन परिवारों की उत्पादन की बिक्री प्रभावित हुई हो इनकी आमदनी पर फर्क पड़ा हो, पर इनका हौसला अब भी बरकरार है। जिससे यह अपनी प्राचीन परम्परा को आज भी जीवित रखे हैं और दीये, मूर्ति, खिलौने आज भी बनाने में जूटे हैं।

#### आसान नहीं आकार देना

दीपक बनाने वाले छपरा गांव के गणेश चक्रवर्ती, दस्सी चक्रवर्ती व कौड़यि ग्राम के जुगल चक्रवर्ती, जयकुमार चक्रवर्ती का कहना है कि मिट्टी को आकार देना आसान नहीं होता। हर साल दीपावली के पहले मिट्टी को महीन करना फिर गलाना, उसके कंकड़ साफ करना फिर चक्के पर रखकर अलग-अलग आकार दिया जाता है।महंगाई के इस दौर में हर कोई सस्ता और अच्छा खरीदने की चाह रखता है। शुद्ध रूप से पीली मिट्टी से बनने वाले दीये की बात ही कुछ और है। उनका परिवार सदियों से मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं। उनकी जानकारी के अनुसार उनकी तीन पीढ़ियों से बुजुर्ग मिट्टी के दीपक बनाते आ रहे हैं, तभी से यह मिट्टी को आकार देने की परम्परा हमारे परिवार में अक्षुण्ण है। उन्होंने बताया कि अभी मेरे साथ साथ मेरा पूरा परिवार दीपों के निर्माण में हमारा सहयोग कर रहा है। इस काम से वर्ष भर की जीवकोपार्जन हो जाती है। लक्ष्मी, गणेश प्रतिमाओं के साथ दीये बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। साथ ही गांव गांव जाकर बिक्री भी शुरू कर दी गई है।

## 'मिडिएशन फॉर द नेशन' अभियान के तहत 13 मामलों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लंबित प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से समाधान करने तथा न्यायिक प्रक्रिया में त्वरित और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्यध से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतम न्यायालय के मिडिएशन एंड कन्सीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी के निर्देश पर 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक पूरे देश में 'मिडिएशन फॉर द नेशन'नाम से 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान के तहत मध्यप्रदेश में कुल 4हजार 552 मामले सफलता पूर्वक सुलह द्वारा निपटाए गए।जिनमें विभिन्न लंबित पुराने एवं संवेदनशील मामले सम्मिलित हैं।

इसी क्रम 'मिडिएशन फॉर द नेशन' अभियान के अंतर्गत जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी केप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कुल 13 मामलों का मध्यस्थता से समाधान किया गया। इन मामलों में पारिवारिक विवाद, दुर्घटना-दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य नागरिक विवाद शामिल थे।

#### आगे भी होंगे ऐसे प्रयास

उल्लेखनीय है कि इस अभियान ने मध्यस्थता को एक प्रभावी, किफायतीऔर समय की बचत करने वाला विवाद समाधान उपकरण साबित किया है, जिससे न्यायालयों पर बोझ कम हुआ और पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिला। अभियान का लक्ष्य सामाजिक समरसता और संवाद को बढ़ावा देना रहा। भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखे जायेंगे, जिससे आमजन को शीघ्र, सुलभ एवं संतुलित न्याय प्राप्त हो सके।

**खबर संक्षेप**



## कालिदास प्रतियोगिता में संदिपनी विद्यालय की छात्रा प्रथम

**बरही।** तहसील अंतर्गत करेला में संचालित संदीपनी विद्यालय में मध्यप्रदेश शासन लोक शिक्षण संचनालय भोपाल एवं संस्कृत विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह का आयोजन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में संपन्न हुआ जिसमें सांदीपनि विद्यालय करेला की नृत्यं नाटिका प्रथम स्थान पर रही । इसमें नंदनी सोनी चित्रा पाटकर छवि पाटकर संजना सेन अंजलि सेन साधना जायसवाल लक्ष्मी रजक आंचल वर्मन राखी विश्वकर्मा गीता चक्रवर्ती प्रिया जायसवाल अनामिका कुशवाहा ने भाग लिया। श्लोक पाठ वरिष्ठ वर्ग में अंशुमान अवस्थी प्रथम स्थान पर रहे। चित्रकला कनिष्ठ वर्ग में अंशिका सोनी प्रथम स्थान पर रही। चित्रकला वरिष्ठ वर्ग में आदर्श सेन द्वितीय स्थान पर रहे। इस तरह विकाश खंड स्तरीय कालिदास समारोह में सांदीपनि विद्यालय करेला की छात्र एवं छात्राओं ने सभी विधाओं में सफलता प्राप्त की। इसके लिए विद्यालय के प्राचार्य आरके शुक्ला के मार्गदर्शन एवं सुश्री सुरक्षा लांझेवर संस्कृत शिक्षिका शैलेन्द कुमार पाण्डेय संस्कृत शिक्षक शैलेन्द्र सिंह संस्कृत शिक्षक विनोद कुमार शाक्यवार एवं अनिल दुबे का विशेष प्रयास रहा।

## लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम उपयुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सोमवार को सी.एम. हेल्प लाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त शिकायतों पर संबंधित शाखा द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए संबंधित लेबल अधिकारियों को लंबित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपयुक्त श्री गुप्ता द्वारा बैठक के दौरान नगर निगम की साफ सफाई, आवारा मवेशियों , सिविल, पेयजल, सीवेज, सामान्य प्रशासन, भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, जन कल्याणकारी योजनाओं, राजस्व आदि विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ, समय सीमा में कार्यवाही करते हुए संतुष्टि के साथ शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## जिले में अब तक 1162.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से मंगलवार 7 अक्टू बर तक कुल 1162.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1073.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## अजमीढ़ देव जयंती पर निकाली गई वाहन रैली

**कटनी।** वेलफेयर स्वजातीय स्वर्णकार समाज सेवा इकाई जिला कटनी के द्वारा हर वर्षो की तरह इस वर्ष भी उत्साह उमंग से साथ भगवान अजमीढ़ देव महाराज की जयंती पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सोमनाथ सोनी वरिष्ठजनों के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली निकाली गई रैली मार्ग मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर, बड़े हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, खैरमाई,लक्ष्मी नारायण मंदिर से होते हुये जगन्नाथ चौक कटनी में उपरोक्त वाहन रैली में स्वर्णकर समाज के लोगो ने अजमीढ़ देव के जयकार लगाते हुये रैली का समापन किया गया रैली मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक बन्धुओं ने रैली का फूलमालाओं एवं स्वल्पाहार से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष मोहन लाल सोनी, प्रदेश सुरेश कुमार सोनी, रामहित सोनी, उपाध्यक्ष- भगवानदास सोनी, कोषाध्यक्ष- रामनारायण का सहयोग रहा।

### आबकारी अमले एवं बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, 50 हजार की शराब जब्त

# शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर आबकारी एवं पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय और परिवहन पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 अंतर्गत ग्राम देवारा खुर्द में आबकरी विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री की जांच के दौरान 20 पाव देशी मदिरा मसाला और 10 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क, के तहत 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आबकारी वृत कटनी क्रमांक 3 के अंतर्गत ग्राम हिरवारा और गाताखेड़ा में दबिश दी गई । इस दौरान 60 देशी मदिरा प्लेन और मसाला जप्त कर,आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अन्य कार्यवाही में वृत कटनी क्रमांक 1 अंतर्गत झार्रा टिकुरिया में रात्रि गश्त दौरान 15 पाव देशी मसाला मदिरा जब्त कर 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।



इसी क्रम में आबकारी वृत बड़वारा अंतर्गत ग्राम नादावन, पड़रिया, केवलारी, रोहनिया, खितौली व पठरा में आबकारी विभाग द्वारा दबिश दी गई और 45 पाव देशी मदिरा प्लेन, 13 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब एवं 315 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, सूर्यभान कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक अतुल कुटार , केशव उइके, के के पटेल, आँचल प्रजापति एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही

बड़वारा पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की है। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध शक्ति से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत गत 6 अक्टूबर को थाना बड़वारा अंतर्गत ग्राम परसेल में रेड कार्रवाई की गई। रेड कार्यवाही के दौरान संतलाल कोल पिता नंदलाल कोल उम्र 32 साल निवासी ग्राम परसेल थाना बड़वारा जिला कटनी के कब्जे से 25 पाव लाल मसाला एवं 15 पाव देसी प्लेन शराब कुल 40 पाव कीमती 4000 रुपए की। जगनलाल कुशवाहा पिता विशेश्वर कुशवाहा उम्र 50 साल निवासी ग्राम परसेल थाना बड़वारा के कब्जे से 16 पाव देसी शराब कीमती 1600 रुपए की, गणपत यादव पिता तहबल यादव उम्र 41 साल निवासी ग्राम पथवारी थाना बड़वारा के कब्जे से 35 पाव देसी शराब कीमती 3500 रुपए सहित कुल 91 पाव देसी शराब कीमती 9100 रुपए की जब्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़वारा उप निरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, सउनि महेश प्रताप, प्रधान आरक्षक पवन राज, आरक्षक संतोष यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थाना एवं चौकी प्रभारियों को एसपी ने किया इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा गत देर रात पुलिस महकमा में बड़ा फेरबदल किया। थानों एवं चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया गया। जारी हुई लिस्ट के मुताबिक कोतवाली, रंगनाथ नगर, बाकल, एनकेजे थाने के साथ निवार, झिंझरी एवं बस स्टैंड चौकी के प्रभारी बदल दिए गए हैं।

### राखी पांडे नई कोतवाल

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने में पदस्थ थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह को रक्षित केंद्र कटनी भेजा गया है, उनकी जगह पर कोतवाली की कमान निरीक्षक राखी पांडे को सौंपी गई है। इसके साथ ही रंगनाथ नगर थाने का प्रभार कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक अरुण पाल सिंह को दिया गया है, जबकि रंगनाथ नगर थाना प्रभारी के तौर पर पदस्थ उप निरीक्षक नवीन नामदेव को माधव नगर थाने भेजा गया है।

एनकेजे थाने की कमान अब उप निरीक्षक रूपेंद्र सिंह राजपूत संभालेंगे। बस स्टैंड चौकी का प्रभारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ राय को बनाया गया है, जबकि बाकल थाने का प्रभार उप निरीक्षक रश्मि सोनकर को दिया गया है। झिंझरी चौकी के नए प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश दुबे होंगे। एनकेजे थाने में पदस्थ उप निरीक्षक अनिल यादव को स्लीमनाबाद थाने भेजा गया है। निवार चौकी प्रभारी के तौर पर पदस्थ उपनिरीक्षक नेहा मौर्य को कोतवाली एवं झिंझरी चौकी में प्रभारी के तौर पर पदस्थ उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत को रक्षित केंद्र कटनी भेज दिया गया है। इसके साथ ही बाकल प्रभारी के तौर पर पदस्थ उप निरीक्षक प्रतीक्षा सिंह चंदेल अब कुठला थाने में अपनी सेवाएं देंगी। सहायक उप निरीक्षक अंजनी मिश्रा को स्लीमनाबाद थाने से स्थानांतरित करते हुए चौकी प्रभारी निवार बनाया गया है।

### इनको भी किया ट्रांसफर

इसके साथ ही सहायक उप निरीक्षक जयचंद ऊईके को ढीमरखेड़ा से रीठी थाने, सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार तिवारी को रक्षित केंद्र कटनी से ढीमरखेड़ा थाने, प्रधान आरक्षक अजय पाठक को बरही से बहोरीबंद थाने, आरक्षक घनश्याम निषाद को रक्षित केंद्र कटनी से थाना रीठी, आरक्षक अतुल श्रीवास्तव को बहोरीबंद थाने से बरही थाने भेजा गया है।

### किसानों की सुविधा के लिए जिले भर में बनाएं गए 54 पंजीयन केन्द्र

# समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए किसान 10 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।कटनी जिले में किसानों की सुविधा के नजरिए से 54 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोट पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी,बटाईदार,कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें। आधार पंजीयन केन्द्रों में आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट कराया जा सकता है।इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन पोर्टल से कराया जाएगा।

### कोतमा से मैहर आ रही मातारानी की झांकी का स्वागत



कोतमा से मैहर मां शारदे व मां दुर्गा जी की अलौकिक दिव्य झांकी के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धांलु साथ चल रहे हैं मातारानी की पदयात्रा कोतमा से मैहर 300 किलोमीटर की दूरी से किया जा रहा है। कोतमा नगर भ्रमण करने के बाद 2 अक्टूबर दशहरे के दिन शाम को पदयात्रा कोतमा से मैहर के लिए मां शैलपुत्री भक्ति मंडल के द्वारा निकाली गई। यह पदयात्रा की शुरुआत 1987 में स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा जी द्वारा प्रारंभ की गई थी यह छठवीं पदयात्रा निकाली गई है। 8 अक्टूबर को मैहर पहुंचकर मातारानी के पूजन अर्चना कर विसर्जन किया जायेगा। पदयात्रा का बरही के खितौली में भव्य स्वागत किया गया व भोजन की व्यवस्था क्षेत्रीय विधायक संजय सतेन्द्र पाठक द्वारा किया गया। व्यवस्था में विधायक प्रतिनिधि काशी प्रसाद गुप्ता मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी उपसरपंच मिथलेश उरमलिया व उनकी टीम जुटी रही। पदयात्रा खितौली पहुंचने पर इनके द्वारा स्वागत किया गया व ग्रामीण के महिला पुरूष व युवाओं ने जोरदार स्वागत फूल मालाओं वआरती पूजन कर किया। करेला ग्राम में जलपान व फल वितरित एवं कुआं ग्राम में रात विश्राम व भोजन की व्यवस्था ग्रामवासियों द्वारा किया गया।

# इमलिया में अवैध मुरूम भंडारण और समतलीकरण पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा समय-सीमा बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरूद्ध निगरानी तंत्र को मजबूत कर सख्त कार्यवाही करने के दिये निर्देश के पालन में सोमवार को इमलिया ग्राम स्थित प्लाट में बिना अनुमति के मुरूम का भंडारण और समतलीकरण पाये जाने पर अवैध भंडारण का प्रकरण दर्ज किया गया है। उपसंचालक खनिज आरके दीक्षित एवं सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने खनिज विभाग के अमले के साथ इमलिया ग्राम स्थित प्लाट का कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देशानुसार पहुंचकर अवलोकन किया। मौके पर मुरूम का अवैध भंडारण और समतलीकरण पाया गया। श्री दीक्षित ने बताया कि अवैध भंडारण का प्रकरण दर्ज कर जुर्माना की कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री तिवारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते द्वारा बड़वारा तहसील में डोलामाइट खदानों का निरीक्षण किया गया। उपसंचालक श्री दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में स्वीकृत सभी खदानों का निरीक्षण अभियान चलाकर किया जा रहा है। सभी खनि पट्टाधारकों को भी खनिज विभाग से पत्राचार किया जा रहा है कि वे स्वीकृत पट्टे से अधिक किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन न करें।



### रानी दुर्गावती की जयंती पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक समारोह

# दुर्गावती के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को आदिवासियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती के उपलक्ष्य में ढीमरखेड़ा विकासखंड के पाली-कचनारी स्थित वीरासन माता मंदिर प्रांगण में आदिवासी समुदाय की ओर से भव्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरासन माता के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, जनपद अध्यक्ष लालकमल बंशल, ओबीसी महासभा अध्यक्ष राकेश लोधी सहित क्षेत्र के कई आदिवासी नेताओं, समाजसेवियों एवं अतिथियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर रूढ़ीप्रथा पारंपरिक ग्राम सभा स्थायी समितियों सहित समस्त आदिवासी संगठनों के वक्ताओं ने रानी दुर्गावती की जीवनी, पराक्रम, नेतृत्व क्षमता, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान की गाथा को याद किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती आदिवासी समाज की गौरवशाली विरासत और वीरता की प्रतीक रही हैं। वक्ताओं ने समाज के विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।



जिला मुक्कदम गणेश सिंह पेन्द्रों, जगदीश सिंह कुंजाम, समाज सेविका मंगला ताई सहित कई आदिवासी वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन और वीरता से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को साझा किया और समाज के उत्थान एवं शिक्षा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने पूरे परिसर को उत्साह और श्रद्धा से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद उपस्थित जनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आसपास के गांवों और क्षेत्र से हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत वातावरण रहा।

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# विजेताओं टीमों को ट्राफी, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर सत्र 2025-26 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा, जिला कटनी में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को महिला एवं पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता में कटनी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में पहले सेमीफाइनल में तिलक कॉलेज की टीम ने चड्डा कॉलेज कटनी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बड़वारा कॉलेज की टीम ने कन्या कॉलेज कटनी की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में बड़वारा कॉलेज की टीम ने उमरियापान कॉलेज की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में तिलक कॉलेज की टीम ने ढीमरखेड़ा कॉलेज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



दोनों वर्गों के फाइनल मैच बड़वारा कॉलेज और तिलक कॉलेज के बीच खेले गए। महिला प्रतियोगिता में बड़वारा कॉलेज की टीम विजेता एवं तिलक कॉलेज की टीम उपविजेता रही। पुरुष प्रतियोगिता में तिलक कॉलेज की टीम विजेता एवं बड़वारा कॉलेज की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू , हर्ष द्विवेदी , ब्रजेन्द्र सिंह , विनय नागवंशी , खेमचंद्र यादव , एवं कमलजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को विधायक धीरेंद्र बहादुर एवं समस्त अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं मैडल्स प्रदान किए गये। साथ ही सहभागिता करने वाली समस्त टीमों को भी अतिथियों के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन करने एवं सहभागिता हेतु शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता के उपरान्त जिला टीम का चयन भी किया गया जो आगामी दिनों में शहपुरा डिंडोरी में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के द्वारा किया गया। एवं अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह ने की। उन्होंने खिलाडियों से निष्पक्ष एवं खेल भावना से खेलने के लिए अपील करते हुए कहा कि जीतना और हारना खेल का हिस्सा है। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. रामनरेश वर्मा, सुशील चंद्र दुबे का सहयोग रहा।

# दवा दुकानों में की गई जांच, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले में कोलड्रिफ कफ सिरप के क्रय, विक्रय, संधारण और वितरण पर प्रतिबंध लगाने और केमिस्ट व दवा दुकानों के विद्यमान स्टॉक की जांच करने के दिये निर्देश के बाद पिछले दो दिनों से दवा दुकानों में कोलड्रिफ कफ सिरप की उपलब्धता के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन और औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया है कि मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, प्रतिबंधित कोलड्रिफ कफ सिरप की सघन जांच की जाये। इस संबंध में शासन द्वारा जारी एडवायजरी के अनुसार 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन दवा नहीं देने की व्यवस्था है। जो डॉक्टर और दवा विक्रेता इस नियम का पालन नहीं करेंगे उन सभी संबंधितों के विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।



### इन दवा दुकानों की हुई जांच

कलेक्टर के निर्देशानुसार मनीषा धुर्वे औषधि निरीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के औषधि भंडार में पदस्थ फार्मासिस्ट प्रियंका यादव के साथ कोलड्रिप कफ सिरप के संबंध में सोमवार को मिशन चौक स्थित मेसर्स कृष्णा मेडिकल स्टोर, डन कॉलोनी स्थित जी.डी. हॉस्पिटल अंतर्गत मेडिकल स्टोर, स्टार रिकवरी हॉस्पिटल अंतर्गत स्टार मेडिकल स्टोर एवं मॉम एंड मी मेडिकल स्टोर, बरगवां स्थित एपेक्स हास्पिटल अंतर्गत मेडिकल स्टोर की जांच की गई।

जांच के समय दुकान में कोलड्रिप कफ सिरप मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल नहीं पाई गई। जांच के समय क्लोरफेनिरामीन + फिनाईलफ्रिन के संयोजन एफडीसी की अन्य दवाईयां पाई गई। जिनका क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया एवं उक्त संयोजन की दवाईयां तुरंत वापस करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही औषधि निरीक्षक द्वारा समस्त दवा विक्रेताओं को दवा विक्रेता संघ के माध्यम से पत्र भी जारी किया गया है कि उल्लेखित संयोजन का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टीशनर के पर्चे के बिना न किया जावे। उल्लेखित संयोजन की दवाईयों का विक्रय 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए न किया जावे।

# अजमीढ़ देव जी की जयंती पर स्वर्णकार समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

### छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा शानदार गरबा नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिले भर में हुये आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





श्री श्री 1008 श्री अजमीढ़ देव जी महाराज की पावन जयंती पर सर्व स्वर्णकार समाज द्वारा सामूहिक कार्यक्रम भूतेश्वर मंदिर से आयोजित कर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रतन बजरिया से चल समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज की छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा शानदार गरबा नृत्य प्रस्तुत किए गए युवा वर्ग द्वारा श्री अजमीढ़ देव जी महाराज के जयकारों के साथ चल समारोह मुख्य मार्ग से होता हुआ श्री भूतेश्वर मंदिर पहुंचा। जहां सर्वप्रथम अतिथियों एवं आयोजक समिति द्वारा आराध्य देव का पूजन कर श्री भूतेश्वर सरकार का पूजा दर्शन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत समारोह उपरांत समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपना संबोधन दिया गया। सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल सराफ के द्वारा समाज को एकरूपता के साथ बढ़ने की बात कही स्वर्णकार समाज हटा के अध्यक्ष रजनीश सोनी में एकरूपता के साथ कार्यक्रम करते हुए हम आगे बढ़े और अगले वर्ष संगमरमर की प्रतिमा तैयार करवाने की बात रखी जिस पर सभी ने अपनी सहमति व्यक्ति की। भाई मनोज सराफ ने कहा गया कि हम समाज को राजनीतिक दायरे से बाहर लाए व्यक्ति किसी भी पार्टी का हो समाज हित में कार्य करें, सुनील सोनी शिक्षक के द्वारा कहा गया कि हम नए-नए आयाम के साथ समाज के बुजुर्गों के आशीर्वाद और युवा शक्ति के प्रयास स्वरूप कार्यक्रम आयोजित करेंगे ताकि हमारा नाम देश विदेश तक अग्रसर हो और हमारी सामाजिक एकता अन्य समाज के लिए एक मिसाल कायम करें। कार्यक्रम में बाहर से पधारे सभी अतिथियों का शाल श्रीफल से स्वागत किया। आयोजक टीम के द्वारा मंदिर में स्थित गौशाला में गौ भंडारा भी कराया गया। कार्यक्रम में दमोह पटेरा मड़ियादो और अन्य सभी आसपास के क्षेत्र से सजातीय भाइयों ने भाग लिया कार्यक्रम में समाज को गौरवान्वित करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रधान किया गया। कार्यक्रम को दबाने में अपनी सराहनीय भूमिका निभाने में दिनेश सोनी अभिषेक सोनी नीलेश सराफ मनीष सोनी रवि सोनी सौरभ सोनी रमाकांत सराफ नितिन सोनी सचिन सोनी अक्षय श्रॉफ अनुराग सराफ राजेंद्र सोनी अखिलेश सोनी मनोज श्रॉफ हितेश सोनी राजू सोनी सहित अनेक भाइयों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# मेडिएशन फॉर द नेशन : 81 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं सुप्रीम कोर्ट की मेडिएशन एंड कन्सिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी एमसीपीसी के निर्देशानुसार, एक राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान "मेडिएशन फॉर द नेशन" 01 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य सभी स्तरों के न्यायालयों-तालुका न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निपटारा किया जाना तथा मध्यस्थता को एक उपयोगकर्ता-अनुकूल विवाद समाधान पद्धति के रूप में बढ़ावा देना था, ताकि मध्य प्रदेश के हर कोने में विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया जा सके। मुख्य न्यायाधीश श्री संजीव सचदेवा, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रेरक नेतृत्व कार्यकारी अध्यक्ष अतुल श्रीधरन, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान संपूर्ण प्रदेश में कुल 4,552 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में लंबे समय से लंबित पुराने मामले शामिल थे। इसी परिपालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में मीडिएशन फॉर द नेशन का संचालन जिला न्यायालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा में किया गया। इस हेतु अध्यक्ष के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को मीडिएशन के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप संपूर्ण जिले में कुल 81 प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से सफलतापूवक निराकरण किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा बताया कि यह अभियान मध्यस्थता, संवाद एवं सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित करता है जो विवादों को सुलझाने, न्यायालयों पर बोझ कम करने और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने में सहायक होता है जिसमें हमारे जिले के मध्यस्थतों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के सहयोग से कुल 81 प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से सफलतापूर्वक निराकरण हुआ है।

## पटेरा में मनाई गई अजमीढ देव जयंती, शोभायात्रा निकाली



**पटेरा।** पटेरा में श्री श्री 1008 अजमीढ देव महाराज जयंती बड़े होल्लास व उत्साह के साथ मनाई गई। स्वर्णकार समाज के आराध्य देव की जयंती में सभी स्वर्णकार स्वजातीय लोगों व मातृ शक्ति ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। माँ चण्डी जी प्रांगण में सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित हुये। वहाँ से महराजा अजमीढ देव जी की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। बाजे-नगाढे के साथ शोभा यात्रा श्री शीतला माता मंदिर से पुराना बाजार से मरई माता मंदिर में पूजन आरती कर पुनः बस स्टेंड होते हुये चण्डी जी प्रांगण में एकत्रित होकर महाराज जी की आरती कह व सभी स्वजातीय भाइयो ने पूजन किया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कर्यक्रम में अनेक मनमोहक प्रस्तुतिया दी। उन्हे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समान के होनहार छात्रों ने पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को भी शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। व सभी को दाल, वाटी व प्रसाद वितरण किया। दमोह से पधारे स्वर्णकार भाईयों का भी पटेरा समाज द्वारा शाल श्रीफल द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सोनी द्वारा आभार माना।

### अनुराग सोनी का हुआ सम्मान



**पटेरा।** अजमीढ देव जयंती समारोह मे पटेरा नगर का नाम रौशन करने वाले मप्र शिक्षक भर्ती परीक्षा बर्ग 2 में चयनित होने वाले अनुराग सोनी पिता रामगोपाल सोनी का भी सम्मान किया गया। उन्होने बर्ग 2 शिक्षक चयन परीक्षा में मप्र में 23 वीं रैक हासिल की है।

# तहसील ग्राउंड में 11 से 20 अक्टूबर तक होगा दीपावली मेले का आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक तहसील ग्राउंड दमोह में दीपावली मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य छोटे व्यापारियों और स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन देना और जनता को दीपावली से जुड़ी सभी वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध्र कराना है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि मेले का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 11 से 15 अक्टूबर तक, इस चरण में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लगभग 80 स्व-सहायता समूह अपने उत्पादों के साथ स्टॉल लगाएंगे। यह समूह अपने हस्तनिर्मित उत्पादों और दीपावली से जुड़ी सामग्री का विक्रय कर सकेंगे। मेले का समय दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। दूसरा चरण 16 से 20 अक्टूबर तक, इस चरण में केवल दीपावली से जुड़ी वस्तुएं जैसे दीया-बाती, सजावट का सामान, पूजा सामग्री, फल, कमल का फूल, कमल गट्टा, सिंघाड़े आदि का विक्रय किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा मेले में दुकानों के लिए प्लॉट का आवंटन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि छोटे व्यापारियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जो व्यापारी टेंट नहीं लगा पाते, उन्हें तहसील ग्राउंड में टाट-फट्टी बिछाकर दुकान लगाने की अनुमति दी जाएगी। इससे न केवल छोटे व्यापारियों को व्यापार का अवसर मिलेगा, बल्कि आम नागरिकों को भी दीपावली से जुड़ी सारी वस्तुएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी। उन्होंने कहा कि इस बार प्रयास किया गया है कि शहर के मुख्य बाजारों में भीड़ और यातायात अव्यवस्था न हो, इसलिए मेला तहसील ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है, जिससे लोगों को सुविधा हो और व्यापारियों को बेहतर बिक्री का अवसर मिल सके।

### 2 दिन से युवक लापता गुमशुदगी का मामला दर्ज

**अमानगंज** पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर फरियादिया शांति बाई पति श्यामलाल प्रजापति उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र. 10 बाजार मोहल्ला अमानगंज ने थाना उपस्थित होकर जुवानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा छोटा लड़का कैलाश कुमार उम्र 20 साल का टावर के सामने पुराने वाले घर में अपने दादा के साथ रहता था और वहीं रहकर पढ़ाई लिखाई करता था खाना-पीना खाने घर आता जाता रहता था दिनांक 05.10.2025 को छोटा लड़का कैलान जब रात करीब 10 बजे तक घर खाना खाने नहीं आया तो मेरे बड़ा लड़का कमलेश ने फोन लगाकर पूछा तो कैलाश ने बताया कि में मैं पन्ना आ गया हूं सुबह घर आ जाऊंगा, फिर इसके बाद दूसरे दिन लड़का कैलाश का फोन बंद आने लगा उसी दिन से लडका कैलाश की तालास कर रहे है ।

# हिनौती ग्रामवासियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हिनौती उद्देश्य में सरपंच सहित सभी ग्राम ग्रामवासी ने हनुमान जी के मंदिर में बैठकर एक सभा का आयोजन किया।भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को बुलाकर सभी ने शपथ ली ना हमारे गांव में शराब दिखेगी और ना ही गांव का कोई भी व्यक्ति शराब पियेगा। सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया।वहीं पुलिस बल भी मौजूद रहा। ग्रामीणों ने शर्त रखी कि जो शराब बेचेगा उसके ऊपर 10 हजार का जुर्माना और जो शराब पीकर हंगामा करेगा। उसके ऊपर 2100 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा और कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### आतिशबाजी विक्रय के लिए एसडीएम जारी करेंगे सशर्त अनुज्ञप्ति

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा आगामी दीपावली पर्व पर अस्थाई आतिशबाजी विक्रय के लिए समस्त एसडीएम को अपने अनुविभाग अंतर्गत सशर्त ऑनलाइन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। आतिशबाजी को सुरक्षित एवं अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखना होगा। अस्थाई दुकानें एक दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर तथा किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर होना आवश्यक है। अस्थाई शेड एक दूसरे के आमने सामने नहीं होना चाहिए। किसी एक क्लस्टर में 50 से अधिक दुकानें लगाने की अनुमति नहीं होगी। शेड का झुकाव भी एक दूसरे के आमने सामने नहीं होगा। आतिशबाजी का किसी शेड के 50 मीटर के भीतर प्रदर्शन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। साथ ही दीपावली के समय तीन मीटर के गैप में भी आतिशबाजी का भण्डारण असुरक्षित होने से नहीं किया जाएगा।

# असाटी दिवस पर वृद्धा श्रम में फल वितरित



**दमोह।** शरद पूर्णिमा और असाटी दिवस के अवसर पर सकल असाटी समाज दमोह ने मंगलवार को वृद्धाश्रम में एकत्रित होकर सभी वृद्धो का हाल-चाल जान उन्हें फल,बिस्किट वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर असाटी समाज समिति अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी और महिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा असाटी के साथ संगठन मंत्री राजेंद्र चंदू असाटी, भूतपूर्व अध्यक्ष नंदा असाटी, पूर्व अध्यक्ष शैलजा असाटी, मधु असाटी,रचना असाटी, कृतिका असाटी, देवेंद्र असाटी,सत्यप्रकाश असाटी, महेश असाटी, अजय असाटी, ललित असाटी,विवेक नायक, प्रिंस असाटी, विवेक असाटी अप्सरा,अमन असाटी, रोहित असाटी, वेद असाटी,सृजन असाटी और भी समाज बंधु मौजूद रहे।

# रनेह में शताब्दी वर्ष पर हुआ शस्त्र पूजन और पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवक परंपरागत गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में चलते हुए निकले। ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया। प्रमुख वक्ता रामलाल जी पटेल प्रांतीय सहाबुद्धिक प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज संगठित हो संस्कारित हो अपनी समस्या का हल स्वयं कर सके। भारतीय जान परंपरा में विश्व गुरु भारत में कहा जाता है कि दूध और घी की नदिया बहती थी, तपस्वी का भारत, अध्यात्म का भारत, विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखने वाला भारत पूर्व के इतिहास को भारत पुनः द्वारा सके इस लक्ष्य को लेकर की 1925 में पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार ने संघ की स्थापना कर हिन्दू एकता का संदेश दिया। आगामी समय में पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता दी जाए। यह पंच परिवर्तन से व्यक्तिगत परिवर्तन, परिवार परिवर्तन, ग्राम परिवर्तन, समाज परिवर्तन और राष्ट्र परिवर्तन—के माध्यम से संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प है। हम शक्ति की उपासना करने वाले सनातनी है। अब समय आ गया है कि हम संगठित रहें, समरस रहे और अपने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करें। प्रत्येक स्वयंसेवक यदि अपने आचरण, परिवार और गांव में सकारात्मक बदलाव का कार्य करता है, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे। इसी भावना के साथ शताब्दी वर्ष को सेवा, संगठन और समाज उत्थान के रूप में अविस्मरणीय बनाने का आह्वान किया गया। पथ संचलन के दौरान रनेह मंडल के सदस्य राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर सड़कों पर उतरे कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से ध्वजारोहण और राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ हुआ। पथ संचलन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर नयावाजार, बस स्टैंड, कौशलाधीश मंदिर, मंदिर मस्जिद चौराहा, गोल बाजार, बिंद्रावन बिहारी की शाला नयाबाजार होते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समापन हुआ।

# अवैध निर्माण कर किए जा रहे अनैतिक कार्यों को बंद कराने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जबेरा। तहसील जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरई में अनावेदक द्वारा आम रास्ते में अवैध निर्माण कर अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसे हटाकर अनैतिक कार्य बंद कराने की मांग को लेकर सोमवार को आवेदक अशोक सींग पिता रामसींग गौड़ के साथ ग्राम मंगरई के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर तहसीलदार सोनम पांडेय को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि अनावेदक राहुल सिंह पिता रज्जन सिंह लोधी निवासी ग्राम गहरा जलहरी कॉलोनी द्वारा ग्राम मंगरई जलाशय के रास्ता में अवैध रूप से ढाबा का निर्माण कर गैर कानूनी कार्य किया जा रहे हैं। जिसमें अनावेदक द्वारा अपनी दुकान में अवैध शराब का बिक्रय, गांजा का विक्रय एवं लड़कियों का अवैध कारोबार जैसे अनैतिक कृत किये जा रहे हैं। जिससे आसपास के लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं स्कूली बच्चों सहित महिलाओं को भी निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनावेदक द्वारा किए जा रहे अनैतिक कार्यों का विरोध करने पर अनावेदक लड़ाई झगड़ा करने के लिए आमदा रहता है और गाली गलौज कर मारने को तैयार हो जाता है। ज्ञापन में बताया गया की अनावेदक द्वारा विगत 03 अक्टूबर 2025 को आवेदक द्वारा गलत कार्यों का विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देकर उसके साथ मारपीट की गई थी। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि अनावेदक पर कठोर कार्यवाही करते हुए आवेदक द्वारा किए गए अवैध निर्माण कार्य को हटाकर उसमें संचालित अनैतिक कार्यों को बंद कराया जाए जिससे ग्राम में सुख शांति बनी रहे और लोगों का आवागमन सुचारू रूप से होता रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अशोक सींग, लखन, राजेश, पवन, दानसिंह, सहदेव, जितेंद्र, राजेश, भगवत, धीरज, बाबू सिंह, निलेश, टुंडा सिंह, अनूप, परम, भागचंद, पप्पू, धर्मदास, मनोज, लोकेंद्र, पुरुषोत्तम, मनीष, भीकम, फूल सिंह, गुलाब, बहादुर, राघवेंद्र, सुरेंद्र, गोविंद, अनिल, वीरान, निलेश, नन्हे भाई, रूप सिंह, सहित अनेकों ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# जनजातीय लोक पुस्तिका का हुआ विमोचन

**दमोह।** जिले के सिग्रामपुर के ग्राम चौरई में वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बड़ा देव मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दमोह जिले के जनजातीय लोक जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के मार्गदर्शन, कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला दमोह के सहयोग और धीरज जॉनसन द्वारा संकलित पुस्तिका में जिले के विभिन्न आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं को तस्वीर सहित प्रदर्शित करते हुए जनजातीय आस्था, प्रकृति और परिश्रम, रहन-सहन, वेशभूषा, पर्व, उत्सव, भोजन, पारंपरिक उपचार के तरीके, शस्त्र और वाद्ययंत्र इत्यादि को समाहित करने का प्रयास किया गया।

# जिले के औषधि विक्रय, भंडारण एवं बाल रोग चिकित्सकों की बैठक संपन्न

**दमोह।** छिंदवाड़ा जिले में विषाक्त कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मृत्यु की घटना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने जिले के औषधि विक्रय, भंडारण एवं बाल रोग चिकित्सकों के साथ कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिले के शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, औषधि विक्रेता संघ के प्रतिनिधिगण, औषधि विक्रेता एवं मेडिकल शॉप संचालक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह एवं सिविल सर्जन दमोह उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने संबंधितों से कहा छिंदवाड़ा जिले में कोल्डरिफ कफ़ सीरप के सेवन से हुई बाल मृत्यु की घटनाएं अत्यंत गंभीर हैं।

इस प्रकार की कोई घटना दमोह जिले में न घटे, इसके लिए सतर्कता, निगरानी एवं सख्त नियंत्रण आवश्यक है। कलेक्टर श्री कोचर ने उपस्थिति डॉक्टरों, औषधि विक्रेता एवं मेडिकल शॉप संचालक आदि से इस संबंध में विस्तृत चर्चा की, सुझाव प्राप्त किये तथा सभी संबंधितों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सर्तकता बरतने के दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा बच्चों की सुरक्षा और दवाओं की सही आपूर्ति हमारी सबकी जिम्मेदारी है। अतः सभी अधिकारी, चिकित्सक और दुकानदार अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री कोचर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि औषधि निरीक्षक जिले की सभी मेडिकल दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें एवं विभिन्न कंपनियों की कफ सीरप एवं अन्य औषधियों/मैडीसिन की सैंपलिंग करते रहें। सैंपल की जांच राज्य औषधि प्रयोगशाला में कराई जाए, ताकि गुणवत्ता की पुष्टि हो सके। उन्होंने कहा सभी चिकित्सा संस्थान, बाल रोग विशेषज्ञ एवं मेडिकल संचालक शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में बिना अनुमोदन के औषधि/मैडीसिन का प्रयोग न किया जाए। औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स, अस्पतालों, नर्सिंग होम्स एवं वहां संचालित दवा दुकानों आदि में उपलब्ध सभी औषधियों/मैडीसिन की गुणवत्ता की जांच की जाए। किसी भी संदेहास्पद दवा की सूचना तत्काल कलेक्टर कार्यालय एवं सीएमएचओ को दी जाए।

### प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवा विक्रय निषिद्ध

उन्होंने कहा किसी भी ग्राहक को डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवा न दी जाए। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित विक्रेता पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए । यह निर्देश प्रत्येक दुकान पर सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा यदि किसी चिकित्सक के पास ऐसा मरीज आता है जिसे किसी दवा के सेवन से रिएक्शन या दुष्प्रभाव हुआ है, तो चिकित्सक उस दवा की सूचना ड्रग निरीक्षक एवं सीएमएचओ कार्यालय को दी जाये, ताकि सैंपल लेकर तत्काल परीक्षण हेतु भेजा जाए। उन्होंने कहा जो पीडियाट्रिशन बैठक में अनुपस्थित रहे, उन्हें कारण बताओ पत्र जारी किया जाए जिसमें उल्लेख किया जाए कि उन्हें बैठक में आमंत्रित किया गया था, किंतु वे उपस्थित नहीं हुए। पत्र में सभी दिशा-निर्देश संलग्न कर उन्हें पालन करने के लिए निर्देशित किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी संबंधित विभागों, संघों, चिकित्सकों एवं औषधि संचालकों को अलग-अलग पत्र जारी किए जाएं। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के जनसामान्य से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध औषधि के उपयोग से पहले चिकित्सक से परामर्श लें एवं बच्चों को बिना सलाह के कोई भी सीरप न दें। कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक के अंत में सभी को पुनः कहां कि बच्चों की सुरक्षा और दवाओं की सही आपूर्ति हमारी सबकी जिम्मेदारी है। अतः सभी अधिकारी, चिकित्सक और दुकानदार आदि अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

# पुरातत्व संपदा का खजानाः दोनी में खुदाई के दौरान हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/सिग्रामपुर

जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ऊपर पहाड़ दोनी में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री के निर्देशानुसार में संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल की आयुक्त श्रीमती उर्मिला शुक्ला के निर्देशन में ग्राम दोनी जिला दमोह में मढ़ा क्रमांक 1 का पुरातत्वीय प्रविधि से मलबा सफाई का






कार्य पी. सी. महोबिया, उपसंचालक ग्वालियर द्वारा किया जा रहा है। प्रभारी उपयंत्री एवं साइट इंचार्ज सपन साहू द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के दौरान कल्चुरी कालीन स्थापत्य कला के विशिष्ट पुरावशेष प्रकाश में आए हैं। इस टीले से ब्रम्ह, विष्णु, शिव, उमा - महेश्वर, पार्वती, अर्धनरीश्वर, वायुदेव, गज अप्सरा, एवं नायिका जैसी विशिष्ट एवं उत्कृष्ट प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। प्राप्त सभी पुरावशेष लगभग 10वीं -11वीं शताब्दी में निर्मित शिव मंदिर के प्रतीत होते हैं।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति जागरूकता अभियान अंतर्गत साईकिल रैली आज

**दमोह।** जिले में मद्य निषेध सप्ताह के तहत नशा मुक्ति के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जिला मुख्यालय सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस सबंध में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया आज 08 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से साइकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली कॉर्पोरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टेण्ड, घंटाघर होते हुए मानस भवन तक पहुंचेगी, जहाँ समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस साइकिल रैली में दमोह शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं सांदीपनी विद्यालय, किल्लाई नाका में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएँ सहभागिता करेंगे।

विहिप बजरंग दल की सक्रियता व पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई से मूक प्राणियों को बचाया

# भैंसों और पड़ों से भरा ट्रक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



प्रखंड जबेरा में सोमवार को एक बड़ा मामला सामने आया जब विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड जबेरा की टीम ने एक ऐसे आईसर ट्रक को पकड़ा जिसमें बड़ी संख्या में भैंसों और पड़ों को अमानवीय ढंग से ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। ट्रक में पशुओं को न केवल छोटे स्थान में कसा गया था बल्कि उनके पैर और गर्दन रस्सियों से बांध दिए गए थे जिससे कई पशु घायल अवस्था में पाए गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास चौहान, प्रधान आरक्षक सतेंद्र दुबे और आरक्षक विवेक कटारे अपनी टीम सहित तुरंत मौके पर पहुंचे और दमोह तरफ से जबलपुर की ओर जा रहे एक आयशर ट्रक को पुलिस ने जबेरा बाईपास पर घेराबंदी कर रोका और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर अंदर भरे पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। इस पूरे अभियान में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड जबेरा की टीम पंकज सिंघई, रितिक नामदेव, गजेंद्र घोसी, राहुल परिहार, देवी सिंह लोधी, अजय खरे, आदर्श जैन, अनुराग नामदेव, प्रिंस ठाकुर, मुकुल जैन, नित्यम जैन, मोहित जैन, राजा घोसी, राजा चक्रवर्ती, सक्षम बाजपेई और शिवम साहू ,राज सेन ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी की सजगता और तत्परता से दर्जनों निर्दोष पशुओं की जान बच पाई। पुलिस जांच में प्रारंभिक रूप से यह स्पष्ट हुआ कि ट्रक अवैध पशु परिवहन में संलिप्त था और किसी भी प्रकार की सरकारी अनुमति या पशु परिवहन मानकों का पालन नहीं किया गया था। वाहन चालक व संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। थाना प्रभारी



विकास चौहान ने बताया कि सभी पशुओं को पशु चिकित्सालय जबेरा में उपचार हेतु भेजा गया है, और पशुपालन विभाग को सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस व विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल की टीम की सराहना की है। लोगों ने कहा कि यह कार्रवाई न केवल पशु संरक्षण के लिए आवश्यक थी, बल्कि मानवता की रक्षा का प्रतीक भी है। सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गिरोहों के खिलाफ स्थायी कार्रवाई की जाए, जो तस्करी या व्यापार के नाम पर पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं। इस मामले की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार व जिला कलेक्टर दमोह को भी दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण लगाया जा सके।

# विविध आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया आचार्य श्री का अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महाराज एवं वर्तमान आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज जी का जन्म जयंती समारोह मनाया गया। बुंदेलखंड की पावन धरती बांदकपुर धाम में शरद पूर्णिमा के शुभ दिन पर दिगंबर जैन मंदिर आचार्य गुरुवारों की संगीतमय पूजन सकल दिगंबर जैन समाज बांदकपुर एवं आचार्य विद्यासागर पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों एवं पाठशाला की दीदीयो के द्वारा की गई पूजा के उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के छायाचित्रों को पालकी में सजाकर समाज के पुरुष एवं महिलाएं कंधों पर लेकर पंक्तिबद्ध होकर नगर भ्रमण को निकले समाज के नए युवक एवं बच्चेडीजे की धुनौ पर पर नृत्य करते हुए चल रहे थे आचार्य श्री की दीक्षा देते हुए जीवंत झांकी सजाई गई संध्याकालीन बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए महा आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत





हुई इसके बाद आचार्य श्री के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पलो को याद किया गया जयकुमार जैन परिवार ने महाआरती की शोभायात्रा में समाज अध्यक्ष सुनील डबुल्या निपुण जैन पार्दीप डबुल्या अनुज सिघाई मनीष सेलट नीरज जैन सुनील जैन लालू जैन श्रीपाल राहुल अभय आकास अमन ध्रुव दीनू जैन सहित सभी समाज के लोग रहे ।

# कीचड़ से सराबोर है मुख्य सड़क

**झलौन।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिशनाखेड़ी में आम जनमानस परेशानी में जीवन यापन कर रहे है। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि यह पर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही नल जल योजन के कार्य में रोड खुद दी गई। एवं नलों में बंद चलो करने का सिस्टम नहीं लगाया गया। जिसमे पानी फ़ालतू फैलता रहता जिससे आवागवन वाले रास्ते में बहुत मात्रा में कीचड़ मचा हुआ है। सड़क किनारे वाले घरों के परिवार के सदस्यों मथुरा यादव,रामेश्वर यादव चरण यादव, गोविंद यादव, दशरथ यादव द्वारा तो सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है। कुछ लोगों की शिकायतें दबाव बनाकर बंद करा दी गई है लेकिन कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा



गलत निराकरण डाल दिया जाता है कि यह पर कोई कीचड़ नहीं। इस रास्ते का प्रयोग बच्चे, वृद्धि,महिलाएं सभी प्रायः अधिक से अधिक प्रयोग करते। सरपंच सचिव के तानाशाही रवैया के चलते यह स्थिति यह स्थिति निर्मित हो रही है।

## सिंग्रामपुर मे मनाया आचार्य श्री का जन्मोत्सव



**सिंग्रामपुर।** आचार्य श्री भगवान का अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस दौरान विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए शरद पूर्णिमा को जन्मे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी भगवान का 79 वां जन्मोत्सव सिंग्रामपुर में बड़े ही भक्ति उत्साह में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई जो नया जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार बड़ा मंदिर, पांडुक शिला नगर भ्रमण करते हुए मंदिर जी में समापन किया गया। मंदिर जी में सुबह अभिषेक शांति धारा आचार्य छत्तीसी विधान नवाचार 108 समय सागर महराज जी की पूजन की गई। इस अवसर पुरुष महिलाओं बच्चों द्वारा विधान भव्यता और दिव्यता के साथ गाजे बाजे के साथ मंदिर में संपन्न किया गया। तत्पश्चात मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया शाम को संध्या आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

## आचार्य श्री के जन्मोत्सव पर खीर और भोजन बांटा



**दमोह।** जैन पंचायत दमोह और श्री दिगंबर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति द्वारा समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य समय सागर जी महाराज, आर्यिका माँ ज्ञानमति माताजी के जन्मोत्सव के अवसर पर जैन भवन के सामने आने जाने वाले सैकड़ों लोगों को खीर, पुड़ी सब्जी का भोजन कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, मंगलाचरण ने किया। जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, समाज सेवी रतन चंद जैन, सतीश जैन कल्लन,देवेंद्र सेठ, पदम चंद जैन, श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय कमेटी अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, महामंत्री सोनू नेता, संतोष सिंघई,कोषाध्यक्ष मनोज जैन मंटू, प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, अमित त्यागी,आलोक पलंदी, राकेश पलंदी, मुकेश ठेकेदार, राजेश ओशो, पदम इटोरिया, नवीन निराला, डॉ अनिल चौधरी, मनोज जैन सुरभि, विक्रांत सराफ, संजय सेठ, गिरीश इटोरिया, अंकुर सराफ, विकास जैन,सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सैकड़ों को भोजन और खीर खिलाकर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जन्मोत्सव को गौरवमय

# आचार्य श्री के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर कुण्डलपुर में रखी गई सिंहद्वार की प्रथम शिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह। सुप्रसिद्ध क्षेत्र कुण्डलगिरी कुण्डलपुर में शरद पूर्णिमा महापर्व पर जग उद्धारक युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज, जेष्ठ श्रेष्ठ गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी के अवतरणदिवस के मंगल अवसर पर सिंहद्वार प्रथमशिला स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर महा समाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा ,रिद्धि कलश, पूजन ,आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन हुआ ।वाणीभूषण प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र. विनय भैया जी सम्राट बंडा के कुशल निर्देशन में प्रातः पूज्य बड़े बाबा मंदिर प्रांगण में सहस्त्रकूट जिनालय के समीप अद्वितीय ,अद्भुत भव्य नक्काशीदार पाषाण द्वारा निर्मित होने जा रहे विशाल सिंहद्वार की प्रथम शिला मध्य में स्थापित की गई जिसे स्थापित करने का सौभाग्य श्रेष्ठी श्री राजा भैया



सूरत परिवार को प्राप्त हुआ इसके साथ पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण चारों दिशाओं में शिला स्थापित करने का सौभाग्य श्रेष्ठी तरुण सराफ दमोह , उपाध्यक्ष डॉ रमेश बजाज दमोह, ब्रह्मचारिणी श्रद्धा दीदी अशोक सराफ पटेरा, ब्रह्मचारिणी किरण दीदी ज्ञानचंद जी सागर एवं कुंडलपुर को प्राप्त हुआ।

कलश स्थापित करने का सौभाग्य ब्रह्मचारिणी नंदिनी दीदी कुनलिनी राखी सौरभ जैन परिवार गुना ,चक्रेश कुमार अर्चना अक्षय आदर्श नैंसी सराफ परिवार दमोह, धार्मिक आयोजन मंत्री अजय जैन निरमा जबलपुर, महामंत्री इंजी. आरके जैन दमोह, सुभाष मीना पवन बमोरया परिवार दमोह को प्राप्त हुआ सिंहद्वार स्वास्तिक का सौभाग्य ब्रह्मचारिणी वंदना दीदी कुंडलपुर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार जी सराफ, उपाध्यक्ष रमेश जी गोयल पथरिया को प्राप्त हुआ ।बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के बीच ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा ने विधि विधान से स्थापना पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक शांतिधारा रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य वीरेंद्र विवेक विपिन मोक्ष जैन चंदेरी ,गौरव जैनेंद्र पलक उमेश जैन कानपुर ,ऋषभ जैन परिवार विजयनगर असम ,आदित्य सेठी कोटा राजस्थान, जितेंद्र सुरेश सुनील जैन टीकमगढ़ ,कमलेश रोबिन अमर्ष जबलपुर, अनुराग साक्षी कुशाग्र हैदराबाद, स्वतंत्र प्रभा आशीष अंकित परिवार शाहपुरा दमोह को प्राप्त हुआ।

प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी विनय भैया ने इस अवसर पर कहा बड़े बाबा छोटे बाबा की कला निराली है। आज भी किसी को नहीं मालूम बड़े बाबा के दर्शन करने प्रतिदिन गुरुदेव आते हैं वह दर्शन करके कब चले जाते हैं। ऐसी अजर अमर जोड़ी में गुरुदेव की परिकल्पना के अनुरूप बड़े बाबा के जिनालय को आकार तो दे दिया परंतु उनके आंगन को सजाना बाकी है। आंगन सजाने के लिए हमें मुख्य द्वार चाहिए जिससे प्रवेश हो सके, उसके बाद पूरा परिक्रमा पथ से लेकर पूरे जिनालय की सजावट हो प्रवेश द्वार बनते ही मंदिर के चारों तरफ गुरुदेव की परिकल्पना के अनुरूप सजाना है। शरद पूर्णिमा यदि सोना है तो उसमें सुहाग और जुड़ गया जब इस धरती के देवता गुरुदेव की जन्म तिथि आज ही के दिन सुयोग बना इस घर में एक चांद और शरद पूर्णिमा पर निकला जो वर्तमान में आचार्य पद पर बड़े बाबा के दरबार में आसीन हुए और हम सबको सहारा दे रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों एवं पूर्व कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनने विभिन्न अंचलों से श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।इस अवसर पर क्षेत्र पर पधारे समस्त धर्मावलंबियों के भोजन की व्यवस्था कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा की गई । दोपहर में मिष्ठान वितरण किया गया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा तथा पूज्य आचार्य श्री की संगीतमय महा आरती हुई।

# ग्राम बमनपुरा व नागमणि हुये नशामुक्त

## थाना प्रशासन, जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी रहे शामिल

### भगवती मानव कल्याण संगठन पटेरा की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पटेरा की पहल पर गांवो में बिक रही अवैध शराब रोकने गांव को नशामुक्त बनाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को पटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम बमनपुरा व नागमणि को नशामुक्त किया गया। दोनो ही स्थानों पर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गुरू जी के आदेश से पटेरा क्षेत्र, जिला, प्रदेश के साथ पूरे देश को नशामुक्त बनाने विशेष अभियान चलाये जा रहे है। पटेरा के नागमणि व बमनपुरा में अवैध शराब बिक्री का बोलबाला था। संगठन की बैठकों व नशा के दुष्परिणाम बताकर नशामुक्ति का संदेश रंग लाया व दोनो ही ग्रामों में नशामुक्ति का संकल्प लेकर थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर को लिखित ग्राम वासियों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उल्लंघन करने पर जुर्माना का प्रावधान है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगाये गये नारों में गांव को शराब मुक्त करो" नशा मुक्त जीवन अपनाओं, जीवन अपना सफल बनाओ। संकल्प में सभी ने अपना





हाथ आगे कर शपथ ली कि गांव में न कोई शराब बेचेगा न बिकवायेगा न पियेगा उल्लंघन करने पर जुर्माना देय होगा व कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी। बमनपुरा में थाना प्रभारी के समक्ष शपथ लेकर संकल्प पत्र सौंपने वालों में जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई आदिवासी, गनेश पटेल, सरपंच कमलेश जैन, टीएस राजपूत के साथ नवाब सिंह, साक्षी के रूप में रहे तो वहीं संगठन ने मिलन पटेल, विजय पटेल, जाहर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में ग्राम के महिला पुरूष बच्चे व संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 17 को राजाबंदी में भी शराबबंदी का निर्णय लागू होने की जानकारी दी है व पूरे ग्रामवासी वहां भी संकल्प लेकर पुलिस को सौंपेंगे। संगठन की इस पहल का सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है।